| |
|---|
| **समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें किसी अन्य अधिकारी के नाम नहीं।** |

पत्र संख्या–..............................
दिनांक–..................................

**प्रेषक**

**कुलसचिव,**
**लखनऊ विश्वविद्यालय,**
**लखनऊ।**

**सेवा में,**

**कुलानुशासक,**
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय,

अवगत कराना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद द्वारा 19 सूत्रीय माँगों/समस्याओं के सम्बन्ध में कर्मचारी परिषद एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के मध्य हुए समझौते में बिन्दु संख्या 17 में यह उल्लेख है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों की चाभियाँ कर्मचारी द्वारा विभागाध्यक्षों के आवासों (शहर के विभिन्न क्षेत्रों) पर लाने एवं देने जाना पड़ता है जो कि न्यायसंगत नहीं है। इसके लिए चाभियों को रखने की परिसर में पूर्व की भाँति केन्द्रीय व्यवस्था की जाये पर विचारोपरान्त यह समझौता हुआ कि पूर्व प्रचलित केन्द्रीयत व्यवस्था को लागू कर उसके सुचारू रूप से संचालन हेतु कुलानुशासक एवं कार्य अधीक्षक निर्माण विभाग को पत्र प्रेषित किया जाये।

अतः कर्मचारी परिषद एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के मध्य हुए समझौते के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा चाभियों को रखवाने हेतु कुलानुशासक कार्यालय के स्तर पर एक केन्द्रीय व्यवस्था कराने की कृपा करें।

भवदीय

**(प्रो0 आर0के0 सिंह)**
कुलसचिव

संख्या GA 12750-850 दिनांक 18/05/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कार्य अधीक्षक,निर्माण विभाग,लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रषित कि चाभियों को रखे जाने हेतु लकड़ी/लोहे के लाकर की व्यवस्था कुलानुशासक कर्यालय में सुनिश्चित करने का कष्ट करे।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. समस्त निदेशक/समन्यवक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
6. मुख्य अभिरक्षक, ल0वि0वि0।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0।
8. निदेशक, आई0एम0एस0, ल0वि0वि0।
9. इन्चार्ज, अभियान्त्रिकी संकाय, ल0वि0वि0।
10. वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0।
11. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0
12. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
13. इंचार्ज वेबसाइट, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

कुलसचिव